06 मौत का अंधा मोड़: ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 5 श्रद्धालु...



10 न्यायाधीशों का विदाई समारोह आयोजित, भावपूर्ण माहौल में दी गई...







## समाचार संक्षेप

### खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई: अवैध परिवहन में 4 वाहन किए जब्त, गुना में सख्ती जारी



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। प्रशासन को प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाते हुए छापामार अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में म्याना क्षेत्र के पास एक डंपर को गिट्टी का रॉयल्टी से अधिक मात्रा में अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसे मौके पर जब्त किया गया। वहीं गुना शहर में बिना अनुमति के खनिज भंडारण से ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोडिंग करते हुए एक वाहन पकड़ा गया, जिसे कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया।इसके अलावा बीनागंज क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर-लोडर को एम-सैंड अवैध रूप से भरते हुए पाया गया, जिन्हें जब्त कर चौकी बीनागंज में रखा गया।कुल मिलाकर 04 वाहनों को जब्त कर उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्ती आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित विभागीय अमला उपस्थित रहा।

### आईपीएल सट्टे पर गुना पुलिस की कार्रवाई दो सटोरियों पर किया केस दर्ज, जांच शुरू

**गुना** । गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशानुसार जिले में जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चांचौड़ा थाना पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले दो सटोरियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में बीनागंज चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरवटपुरा क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान एक युवक को मोबाइल फोन से ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए पकड़ा गया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लखन पुत्र शिवनारायण मीना (21), निवासी बीनागंज बताया। उसके मोबाइल की जांच में आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने से संबंधित ऐप और आईडी के साक्ष्य मिले। जांच में यह भी सामने आया कि उसने एक अन्य व्यक्ति से सट्टा आईडी प्राप्त कर यह गतिविधि संचालित की थी।पुलिस ने आरोपी एवं सट्टा आईडी उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ चांचौड़ा थाने में अपराध दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।पुलिस ने कहा कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों पर रोक लगेगी और कानून व्यवस्था मजबूत होगी।




# मौत का अंधा मोड़: ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 5 श्रद्धालु गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




जिले के सिरसी क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पुतली घाटी के अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार बजरंगगढ़ क्षेत्र के निर्भयगढ़ गांव से एक परिवार अपने परिजनों के साथ निहाल देवी मंदिर में मन्नत पूरी होने पर पूजा और भंडारे के लिए जा रहा था। ट्रॉली में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें 8 से 10 बच्चे भी शामिल थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली पुतली घाटी के खतरनाक मोड़ पर पहुंची, सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी हादसे में शियूकर बाई (40), ज्योति बाई (24), राहुल (23), कविता (8) और भूरी (5) घायल हुए हैं। सभी का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण अंधे मोड़ पर अचानक ब्रेक लगाना सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है स्थानीय लोगों के अनुसार पुतली घाटी का यह अंधा मोड़ पहले भी कई हादसों का कारण बन चुका है। क्षेत्र में सुरक्षा उपायों और चेतावनी संकेतों की कमी के चलते दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से यहां पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# 65 वर्षीय चौकीदार ने कलेक्टर से मांगा न्याय, आवेदन देकर थका

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला मुख्यालय पर 65 वर्षीय वृद्ध चौकीदार ने अपनी मेहनत की कमाई न मिलने पर कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पूर्व खाद्य अधिकारी के साथ-साथ पूर्व श्रम विभाग के अधिकारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला मजदूरी भुगतान, मारपीट, अभद्र व्यवहार और कथित रिश्वत मांगने से जुड़ा है। ग्राम सिंहवामा निवासी 65 वर्षीय वीरेंद्र सिंह रघुवंशी ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि उन्होंने पंचमुखी कॉलोनी स्थित शनि मंदिर के सामने एक निजी प्लॉट पर चौकीदारी का कार्य किया था। जो एक पूर्व खाद्य अधिकारी का है। उनके अनुसार, उन्होंने 1 दिसंबर 2024 से 15 फरवरी 2026 तक लगातार वहां ड्यूटी की। चौकीदारी के लिए 9000 प्रतिमाह वेतन तय हुआ था, लेकिन उन्हें हर महीने केवल 6000 ही दिए गए, जबकि 3000 जमा बताकर रोक लिए जाते रहे। वीरेंद्र सिंह का कहना है कि इस तरह कुल 46,500 रुपये बकाया हो गए। जब उन्होंने बीमारी और ऑपरेशन के लिए पैसों की आवश्यकता बताकर अपनी जमा राशि मांगी, तो संबंधित व्यक्ति ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और कथित रूप से मारपीट करने की कोशिश भी की गई।



**सामान भी जबरन बाहर फेंक दिया:** पीड़ित ने आरोप लगाया कि उनका सामान भी जबरन बाहर फेंक दिया गया और फरवरी 2026 के 15 दिनों की मजदूरी भी नहीं दी गई। इससे वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो गए।

**कार्रवाई के बदले 5000 की मांग!:** मामले को लेकर उन्होंने श्रम विभाग में शिकायत की, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि श्रम विभाग के एक पूर्व अधिकारी ने कार्रवाई के बदले 5000 की मांग की। वहीं, एक अन्य व्यक्ति ने 20,000 लेकर समझौता करने का दबाव बनाया। वीरेंद्र सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर श्रम विभाग के अधिकारी ने उन पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर मामला कैंट थाने भेज दिया, जिससे वे और अधिक परेशान हो गए।

**सीएम हेल्पलाइन भी लगा चुके हैं :** पीड़ित वृद्ध चौकीदार ने सीएम हेल्पलाइन भी लगा रखी है लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अब कलेक्टर से निष्पक्ष जांच कराने, बकाया मजदूरी दिलाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि जीवनभर मेहनत की, लेकिन बुजुर्ग अवस्था में भी अपनी ही कमाई के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

# सूने मकान में चोरी: ताले तोड़कर सोना-चांदी और नकदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में हो रही चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी से दहशत का माहौल बन गया है।गुना के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुरा इलाके में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताले तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोपालपुरा कैंट निवासी दिनेश श्रीवास्तव अपने परिवार सहित करीब 20-25 दिनों के लिए बाहर गए हुए थे। 14 अप्रैल को जब वे वापस घर लौटे, तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला।



**अलमारी और लॉकर भी तोड़े :** घर के अंदर जाकर देखा तो चोरों ने अलमारियों और लॉकर के ताले भी तोड़ दिए थे। घर का सामान बिखरा पड़ा था, जिससे साफ है कि चोरों ने पूरी तरह तलाशी लेकर वारदात को अंजाम दिया।

**जेवरात और नकदी चोरी:** पीड़ित के अनुसार, चोर घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। चोरी हुए सामान में सोने के टॉप्स, बाली, मंगलसूत्र, चांदी की पायल, सिक्के, चांदी का नारियल सहित करीब 7000 नगद शामिल हैं।

**पुलिस से कार्रवाई की मांग:** पीड़ित ने कैंट थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

शहर के रिहायशी इलाके में हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले का खुलासा कब तक कर पाती है।

# हरिद्वार पतंजलि योगपीठ के इंटीग्रेटेड योग शिविर का समापन, सैकड़ों ने लिया भाग




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

हरिद्वार पतंजलि योगपीठ के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित त्रिदिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का शनिवार को समापन होगया।स्वामी ने विभिन्न योग क्रियाओं का योगाभ्यास कराया साथ ही स्वामी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसका महत्व बताते हुए शिविर का समापन कराया। उन्होंने कहा कि आज शिविर का समापन हुआ हे लेकिन आज से हमारे जीवन में योग का आरंभ हुआ हे ओर आज हम सभी यहां से संकल्प लेकर जाएंगे कि हम नियमित योग का अभ्यास करेंगे और योग करने दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। योग शिविर मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में संचालित भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में आयोजित त्रिदिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर के तृतीय दिवस पर स्वामी परमार्थ जी ने नगर के सैकड़ो लोगों को योग का अभ्यास कराया जिसमें उन्होंने विभिन्न आसन, प्राणायाम, ध्यान और योगिक जीवनशैली द्वारा मधुमेह, मोटापा, ब्लडप्रेशर, गठिया, डिप्रेशन जैसी बीमारियों के इलाज से संबंधित योगों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योगासन से शरीर लचीला, मजबूत बनता है, और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित होता है। उन्होंने कहा कि योग शरीर को आंतरिक रूप से स्वस्थ बनाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। प्राणायाम और ध्यान से हमारा मन शांत होता है, जिससे कार्यक्षेत्र और पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है। साथ ही नियमित योग से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। श्री जैन ने बताया कि तीसरे दिवस के योग शिविर में तात्या टोपे यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ किशन यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जिलेवासियों ने शिविर में सम्मिलित होकर योगाभ्यास किया।

# बाइक से अशोकनगर लौट रहे 3 पटवारियों को पिकअप वाहन ने टक्कर मारी, एक ने तोड़ा दम, दो घायलों का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर






जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पिपरई अशोकनगर सड़क मार्ग पर एक पिकअप वाहन ने सामने से आ रही बाईक को टक्कर मार दी, इस बाईक से 3 पटवारी अशोकनगर जिला मुख्यालय वापिस लौट रहे थे। तभी देसाईखेडा गांव के समीप यह घटना हुई, इस घटना में एक पटवारी की मौत हो गई है जबकि दो पटवारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हे उपचार के लिए अशोकनगर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में लोडिंग वाहन का चालक भी घायल हो गया है।

यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब पटवारी पिपरई में तहसीलदार द्वारा जनसुनवाई के निराकरण को लेकर बुलाई गई बैइक में शामिल होकर बाईक द्वारा अशोकनगर वापिस लौट रहे थे तभी शाम 5 बजे रेहटवास और देसाईखेडा के बीच एक पिकअप वाहन ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। इस घटना में एक पटवारी की मौत हो गई, और दो पटवारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, मृतक पटवारी सचिन वागवार पुत्र नारायणदास वागवार उम्र 35 साल निवासी चंदेरी शामिल हैं, जबकि घायलों में सुखवीर रजक पुत्र जगन्नाथ सिंह उम्र 30 साल एवं अरबिन्द रघुवंशी पुत्र भगवत सिंह रघुवंशी निवासी करक्या शामिल हैं। इस घटना में अरबिन्द रघुवंशी के दोनों पैरों में फ्रेक्चर है व सिर और हाथों में भी चोटें आई हैं जबकि सुखवीर रजक को पैरों में चोटे आई हैं। इन दोनों घायल पटवारियों को भोपाल रैफर किया गया है। इसी घटना में पिकअप वाहन के चालक कैलाश अहिरवार का उपचार पिपरई अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जा रहा है घटना के बाद लोडिंग वाहन पलट गया। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल रघुवंशी ने बताया कि यह तीनों पटवारी 2018 के बैच के हैं और पिपरई तहसील क्षेत्र में इनकी पोस्टिंग है, वहां से यह वापिस अशोकनगर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि सचिन वागवार की पत्नि सीएम राइज स्कूल में शिक्षक है और उसकी डिलेवरी होना है लेकिन उसके पहले ही यह गंभीर घटना हो गई। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष ने मांग की है कि मृतक पटवारी के परिवार जनों को 1 करोड रूपए की सहायता प्रदान की जाए और शनिवार अवकाश के दिन अधिकारी द्वारा बुलाई गई बैठक को लेकर तहसीलदार पर कार्यवाही की जाए।

# पिपरई के बहुचर्चित धर्मांतरण केस में पुलिस ने जस्सी किन्नर को गिरफ्तार

## रैकेट चलाने की संभावनाएं, पुलिस जांच में जुटी

**अशोकनगर।** धर्म परिवर्तन कराकर हिन्दू से मुस्लिम बनाने वाली तीन नाबालिग किशोरियों के मामले में पुलिस ने जस्सी किन्नर को गिरफ्तार किया है। अशोकनगर एसपी द्वारा गठित की गई एसआइटी टीम द्वारा की जा रही जांच के बाद पुलिस भोपाल से जस्सी किन्नर को गिरफ्तार कर अशोकनगर ले आई है। पुलिस को एक बड़े रैकेट संचालित करने की संभावनाएं नजर आ रही हैं। अगर यह रेकेट संचालित होना पाया गया तो कईं हिन्दु लड़कियों के धर्म परिवर्तन का मामला सामने आ सकता है।

विशेष जांच दल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में विधि विवादित बालक को अभिरक्षा में लिया गया जाकर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि प्रकरण के आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। विवेचना में यह तथ्य भी तथ्य सामने आया है जस्सी किन्नर पिता मंजीत सिंह निवासी राजीवनगर थाना कमलानगर भोपाल द्वारा नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर लाया गया, उन्हें आरोपियों से मिलवाया गया तथा धर्म परिवर्तन के लिए



प्रेरित कर लालच देकर बुर्का पहनाया गया। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी जस्सी किन्नर को सीहोर बायपास भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त कर आगे की पूछताछ जारी है। प्रारंभिक जांच से यह संकेत प्राप्त हुए हैं कि इस प्रकरण में जस्सी किन्नर एवं अन्य व्यक्तियों के संगठित गिरोह (रैकेट) की संलिप्तता हो सकती है। इस संबंध में विशेष जांच दल द्वारा विस्तृत एवं सूक्ष्म जांच की जा रही है। शेष आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं तथा प्रकरण से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

कार्यक्रम दी शुभकामनाएं

# स्वामी विवेकानंद हासे स्कूल में हुआ मेधावियों का सम्मान समारोह संपन्न




**अशोकनगर।** स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में आज बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने उच्चतम अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। समारोह में टॉपर्स छात्रों एवं उनके अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं अन्य छात्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गैस सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ताओं ने तूमैन गांव से निकलने वाली सड़क पर जाम लगाया, लोग होते रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अशोकनगर तूमैन सड़क मार्ग पर ग्रामीणों ने गैस सिलेण्डर न मिलने के विरोध में गैस एजेंसी के खिलाफ सड़क पर जाम लगाकर धरना दिया। इस दौरान पूरे मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रूक गई। उपभोक्ताओं का कहना है कि वह सुबह से ही सिलेण्डर को लेकर एजेंसी के बाहर कतार में खडे हो गए थे। जब कईं घटें इंतजार के बाद भी एजेंसी कार्यालय पर कोई नहीं आया तब उन्हें विरोध करना पड़ा। पूरे दिन यही स्थिति बनी रही, हालांकि ग्रामीणों ने अपना विरोध बंद कर दिया था, लेकिन गैस एजेंसी वाला नहीं आया ऐसी स्थिति में शनिवार और रविवार को भी इस तरह की व्यवस्था लागू हो कि लोगों को गैस सिलेण्डर मिल सकें।

# जारसल में 20 से नव कुंडी यज्ञ व श्री रामकथा आयोजन होगा: देवमुरारी बाबू



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

चंदेरी के जारसल चक्क सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम में नव कुंडी श्री राम महायज्ञ 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन भी होगा।

यज्ञ के संरक्षक एवं श्री राम कथा वाचक जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने शाला का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी यजमानों को निर्देशित किया कि यज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाओं का ध्यान रखें एवं भोजन प्रसादी और पीने के जल की समुचित व्यवस्था हो। यज्ञ प्रतिदिन सुबह 8 बजे से प्रारंभ होकर 1:00 बजे तक होगा। यज्ञ के आयोजन महंत भरत दास ने बताया 20 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकली जाएगी। यज्ञ में शाम 4: बजे से 6 तक श्री राम कथा होगी और रात्रि 8 बजे से 12 तक रामलीला का आयोजन होगा। 26 अप्रैल को यज्ञ की पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन है जिसमें क्षेत्र के सभी संत धर्माचार्य एवं भक्त लोगों के लिए प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश की सीमा पर राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज की होगी अगवानी

**अशोकनगर।** सुप्रसिद्ध जैन संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज चांदपुर सांतोदय पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव के बाद दुधई होते हुए मध्यप्रदेश की ओर कदम बढ़ा दिए पूज्य श्री प्राचीन तीर्थ क्षेत्र गुध ई जिसका नामकरण श्री समयोदय तीर्थ दुधई (पाली) वालावेट भरचा निवारी होते भानगढ़ (मुंगावली) से कल रविवार को मध्य प्रदेश में भव्य मंगल प्रवेश करने जा रहे हैं अंचल के भक्तो दारा भरचा भानगढ़ मुंगावली मार्ग पर जिले के साथ अंचल की जैन समाज द्वारा परम पूज्य मुनि संघ की भव्य आगवानी की जाएगी ।

In the court of second civil judge junior division
District court ashoknagar
Presiding officer

सुश्री प्रिया चौहान मैडम,(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)प्रकरण क0-33/2026 आर०सी०एस०ए०विश्राम धाकड वादी बनाम जनसाधारण प्रतिवादी प्रेषिती पेशी दिनांक 12/05/2026 1- जनसाधारण पता अशोकनगर म०प्र०यह कि प्रार्थी विश्राम धाकड आपके विरूद्ध दैनिक समाचार पत्र के लिये वाद संस्थत किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपंसजात / हाजिर हो सकते है जिसे समयक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में सम्बन्धित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब-दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे आपके कब्जे या शक्ति में अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने बाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने को इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे । यह आज तारीख 17/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

द्वितीय व्यवहार मुहरवीश कणिष्ठ खंड
चौक जिला-अशोकनगर (म.प्र.)


समस्त प्रदेशवासियों को
भगवान विष्णु के छठे अवतार
भगवान परशुराम
आओ सब मनाये परशुराम जयंती लेकर प्रभु का नाम करे गुणगान माँगे आशिष परमेश्वर से जप कर उनका नाम जय परशुराम
जन्मोत्सव
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सोसायटी के सफलतम 10 वर्ष पूर्ण होने पर
समस्त सदस्यों और नागरिकों का हार्दिक अभिनंदन....
सोसायटी की सदस्यता ग्रहण करें।
सोसायटी की योजना का लाभ लें।
सोसायटी की बचत और ऋण योजनाओं का लाभ उठाएं।
श्री उत्कृष्ट क्रेडिट कॉआपरेटिव सोसायटी जिला अशोकनगर।


विप्रकुल गौरव धर्म व
नीति की प्रतिमूर्ति
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...
विनीत-
जिला पुजारी संघ अशोकनगर


विप्रकुल गौरव धर्म व
नीति की प्रतिमूर्ति
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री हिमांशु उपाध्याय
अशोकनगर


समस्त प्रदेशवासियों को
भगवान विष्णु के छठे अवतार
भगवान परशुराम
अपने तप व पराक्रम से समाज में समता और न्याय की स्थापना करने वाले भगवान परशुराम के आदर्श युगों-युगों तक मानवजाति की प्रेरणा का केंद्र रहेंगे।
जन्मोत्सव
पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
दिनेश बिरथरे
सदस्य सकल ब्राह्मण समाज अशोकनगर
हरिओम शर्मा
छैवलाई सदस्य सकल ब्राह्मण समाज अशोकनगर


साहस, विनम्रता, सम्मान, अनुशासन और न्याय का मार्ग दिखाने वाले
भगवान विष्णु के छठे अवतार
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव
पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
महेन्द्र भारद्वाज
पार्षद एवं पूर्व नपा उपाध्यक्ष
रविन्द्र भारद्वाज
सेवा निवृत्त शिक्षक


समस्त प्रदेशवासियों को
भगवान विष्णु के छठे अवतार
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव
पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
राजेश शर्मा
प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल भैंसरवास


भगवान विष्णु के छठे अवतार
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव
पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
रघुनाथ कलेक्शन, अशोकनगर।


समस्त प्रदेशवासियों को
भगवान विष्णु के छठे अवतार
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव
पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
इंजी पंडित शिव शर्मा


भारतीय संस्कृति में शक्ति, न्याय और धर्म के प्रतीक
भगवान विष्णु के छठवे अवतार
भगवान श्री परशुराम जी के
जन्मोत्सव की
हार्दिक
शुभकामनाएं...
श्री महेश शर्मा
अध्यक्ष
सकल ब्राह्मण समाज
अशोकनगर
श्री अशोक शर्मा
महासचिव
सकल ब्राह्मण समाज
अशोकनगर


विप्रकुल गौरव धर्म व
नीति की प्रतिमूर्ति
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सूर्यकांत त्रिपाठी
इंजिनियर कृषि उपज मंडी
अशोकनगर


भगवान विष्णु के छठवे अवतार
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...
स्थानीय भगवान परशुराम मंदिर से सुबह 8.00 बजे
भगवान की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी,
आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं,
कृपया पधारें, और शोभायात्रा में शामिल हों।
सर्व ब्राह्मण महा पंचायत ट्रस्ट अशोकनगर

### सीएमएचओ का निलंबन आदेश कल आ सकता है

# सीएमएचओ के अकाउंटेंट बगैर अटेंडेंस के ही मृतका का वेतन निकालते रहे

**गिरफ्तार सीएमएचओ ने लेखापालों की वित्तीय अनियमितताओं की कभी नहीं करवाई जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोकायुक्त पुलिस द्वारा 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने अपने अधीनस्थ लेखापालों पर भी अपना वरदहस्त बनाए रखा था। दूसरे शब्दों में कहें तो विभाग के लेखापालों (अकाउंटेंटों) द्वारा की जा रही गंभीर वित्तीय अनियमितताओं तक की उन्होंने कभी जांच तक नहीं करवाई।

दूसरे शब्दों में कहें तो अकाउंटेंटों द्वारा की जा रही लापरवाहियों और शासन को वित्तीय हानि पहुंचाने वाले कर्मचारी भी डॉ. पटेल के राज में मनमर्जी करते रहे लेकिन उन पर कोई आंच तक नहीं आ पाई। जब विभाग की मुखिया का हाथ ही लेखापालों पर हो तो फिर विभाग में ऑनलाइन, ऑफलाइन टेंडरों, खरीदी, व्यय इत्यादि में कितनी गड़बड़ियां हुई होंगी, इसकी जांच करवाने की मांग आमजनों द्वारा की जा रही है। नरसिंहगढ़ ब्लॉक के एक केंद्र में पदस्थ महिला कर्मचारी की मृत्यु होने के आठ माह बाद तक कार्यालय के अकाउंटेंट बगैर मृतक कर्मचारी के उपस्थिति पत्रक उसकी तनख्वाह उसके खाते में डालते रहे। पूरे मामले की शिकायत भोपाल होने पर विभाग की संयुक्त संचालक भी जांच करने आईं लेकिन पूरा मामला अज्ञात कारणों से अभी तक दबा हुआ है।

## सीएमएचओ ने 50 हजार मांगे, 30 पहले लिए, बाकी 20 लेते रंगेहाथों हुईं गिरफ्तार

### राजगढ़ में भोपाल लोकायुक्त ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के स्वास्थ्य विभाग की सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल शुक्रवार देर शाम लोकायुक्त डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम द्वारा 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गई। उक्त कार्यवाही के बाद सीएमएचओ की तबियत अचानक बिगड़ने पर उन्हें बंगले के पास ही स्तिथ जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। लोकायुक्त ने भी मानवीय आधार पर चिकित्सा में कोई व्यवधान नहीं होने दिया। लोकायुक्त भोपाल डीएसपी ने बताया की हरिओम अहिरवाल निवासी भोपाल ने शिकायत की थी की उनके द्वारा सुविधा डायगोनोस्टिक संचालित किया जाता है। पूर्व के डॉक्टर द्वारा हटाए जाने पर रेडियोलोजिस्ट के रूप में पदस्थ करवाने के लिए नियमानुसार दस्तावेज जमा करवाए लेकिन सीएमएचओ द्वारा अप्रूवल के लिए 50 हजार रुपए की डिमांड की जा रही थी। इस राशि में से 30 हजार रुपए शिकायतकर्ता द्वारा दिए जा चुके थे लेकिन और ज्यादा डिमांड बढ़ने पर उनके द्वारा लोकायुक्त एसपी दुर्गेश कुमार से शिकायत की गई।



### क्या है पूरा मामला

राजगढ़ के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के तहत आ रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढाबला में सुमित्राबाई नाम की महिला कर्मचारी कंटिंजेंसी के पद पर पदस्थ थीं। पदस्थापना के दौरान 20 जनवरी 2025 को सुमित्राबाई की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के उपरांत ढाबल ने 3 फरवरी 2025 को नरसिंहगढ़ को लिखित में इस बात की इतला दी। नरसिंहगढ़ ने मृत्यु संबंधी सूचना को राजगढ़ कार्यालय को पहुंचा दिया गया और मृत्यु उपरांत सुनीताबाई का उपस्थिति पत्रक (अटेंडेंस) राजगढ़ को नहीं भेजी गई। इसके बावजूद कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन अकाउंटेंट रामगोपाल नरेड़ा, वर्तमान में पदस्थ लेखापाल पारीख द्वारा बगैर सुमित्राबाई की उपस्थिति के उनकी (सुमित्राबाई) तनख्वाह आठ महीनों तक सुमित्राबाई के खाते में क्रेडिट करवाते रहे। इन आठ महीनों में करीब सवा लाख से अधिक की राशि मृतका सुमित्राबाई के खाते में पहुंची।




### कार्यालय के जिम्मेदारों ने दबा दिया था मामला

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के कार्यालय के जिम्मेदारों और स्वयं लेखापालों ने शासन को हुई वित्तीय हानि के मामले को नस्तीबद्ध करने के पूरे प्रयास किए। लेकिन, गड़बड़ी पकड़ में आई जिसके बाद भोपाल संचालनालय में मय सबूतों के पूरे मामले की शिकायत की गई।

### भोपाल से कल आएगा डॉ. पटेल का निलंबन ऑर्डर

बताया जा रहा है कि लोकायुक्त के हत्थे चढ़ीं डॉ. पटेल का निलंबन आदेश 20 अप्रैल को भोपाल स्तर से जारी होगा। शनिवार एवं रविवार के अवकाश के चलते डॉ. पटेल के सस्पेंशन आदेश जारी नहीं हो सके थे।

### 13 अप्रैल को गोली मारकर की गई थी हत्या

# रामबाबू की हत्या का दूसरा आरोपी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक हफ्ते पहले क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर एवं पत्थर से सिर कुचलकर की गई युवक रामबाबू गुर्जर की जघन्य हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। ळक मंजू मखनिया के नेतृत्व में मृतक रामबाबू के दूसरे हत्यारे होकम पिता प्यारजी गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी भगवतीपुरा को भी गिरफ्त में ले लिया गया है। आपको बता दें कि हत्या के इस सनसनीखेज मामले में मुख्य आरोपी मृतक के ताऊजी के लड़के विशाल पिता करणसिंह गुर्जर को पूर्व में ही पुलिस द्वारा पकड़ा जा चुका है। मखनिया ने बताया कि दूसरे आरोपी होकम गुर्जर की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। होकम को राजस्थान के मनोहरथाना से गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों की (पुलिस रिमांड) ली जाकर उनसे हत्या में प्रयुक्त अवैध पिस्टल बरामद कर ली गई है।

### हत्या के बाद से ही गांव में तैनात थी पुलिस

उल्लेखनीय है कि हत्या के बाद से ही पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पिस्टल और पत्थर से सिर कुचलकर की गई हत्या का यह मामला आमजनों की जुबां पर बना हुआ था। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में सब-इंस्पेक्टर सुभाष द्वेदी, राजेंद्र मीणा, रामदीन धाकड़, चंदन, सतीश भिलाला, बाबूलाल लोधी, मोईन अंसारी, नरेंद्र शर्मा, शक्तिसिंह, ललित तोमर, विवेक पाटिल, साहब सिंह, साइबर सेल प्रभारी जितेंद्र अजनाने की अहम भूमिका रही।

## कलेक्टर ने महर्षि स्कूल के छात्र शिवम गिरी का सम्मान किया

**जीरापुर।** स्थानीय महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं मैथ्स के छात्र शिवम गिरी का जिलाधीश गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। शिवम गिरी महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का छात्र जिसने बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं में जिले कि मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र शिवम गिरी ने बताया कि उसकी पढ़ाई बिना किसी कोचिंग के घर पर रहकर ही अध्ययन किया जिसमें परिवार एवं विधालय शिक्षकों द्वारा समय-समय पर शैक्षणिक कार्य में प्रेरित किया गया है। सभी विषय शिक्षकों के द्वारा बताए नोट्स बनाए और भरोसा जताकर अध्ययन किया विद्यालय परिवार एवं संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिव दांगी द्वारा छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



# मधुकुंज अकादमी खुजनेर ने बोर्ड परीक्षा में लगातार बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

एक बार फिर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर खुजनेर नगर में अपना वर्चस्व साबित किया



सबा मंसूरी क्लास **10th** **95.20%**
ज्योति राठौर **12th** कॉमर्स **91.40%**
मनीष तोमर **12th** साइंस **88.80%**

मधुकुंज अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खुजनेर ने एक बार फिर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर खुजनेर नगर में अपना वर्चस्व साबित किया है। कई वर्षों से अकादमी के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके लगातार बाजी मार रहे हैं। अकादमी के डायरेक्टर शैलेंद्र नागर एवं प्रिंसिपल भावना नागर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। शैलेंद्र नागर ने कहा, कई वर्षों से मधुकुंज अकादमी के विद्यार्थी खुजनेर नगर में बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। यह निरंतर सफलता हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग का परिणाम है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही बेहतरीन परिणाम देने के लिए प्रयासरत रहेंगे। हम सभी टॉपर्स के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक कामना करते हैं।

### कक्षा 10वीं के टॉप-3 विद्यार्थी

सबा मंसूरी पिताः मुबारिक मंसूरी 95.2%
वंदना नागर पिताः गिरिराज नागर 95%
संध्या अहिरवार पिताः रामबाबू अहिरवार 92.4%

### कक्षा 12वीं के टॉप-3 विद्यार्थी

ज्योति राठौड़ पिताः ईश्वर सिंह राठौड़ 91.4%
मनीष तोमर पिताः संजय सिंह तोमर 88.8%
कल्पना नागर पिताः गुलाब चंद नागर 87.8%

# न्यायाधीशों का विदाई समारोह आयोजित, भावपूर्ण माहौल में दी गई विदाई




**सारंगपुर।** अभिभाषक संघ सारंगपुर द्वारा स्थानांतरित हुए न्यायाधीशों के सम्मान में विगत दिवस न्यायालय परिसर में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानांतरित हुए न्यायाधीश राहुल सिंह, चित्रेंद सिंह सोलंकी एवं श्रीमती पल्लवी बंसल को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता अभिभाषक संघ सारंगपुर के अध्यक्ष पी.एस. मंडलोई ने की। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने न्यायाधीशों का पुष्पमाला पहनाकर एवं गुलदस्ते भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण भावुक एवं सम्मानपूर्ण बना रहा। अपने संबोधन में न्यायाधीशों ने सारंगपुर में बिताए गए समय को याद करते हुए कहा कि यहां के अधिवक्ताओं का कार्य व्यवहार अत्यंत सराहनीय रहा है।

### दीनदयाल रसोई योजना कागजों तक सीमित

# गरीबों को नहीं पता कहां मिलता 5 रु. में भरपेट भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शासन की महत्वाकांक्षी दीनदयाल रसोई योजना का उद्देश्य जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है, लेकिन सारंगपुर में यह योजना अपनी मूल भावना से भटकती नजर आ रही है। पिछले करीब तीन महीनों तक बंद रहने के बाद अब योजना को स्थान परिवर्तन करते हुए सिविल अस्पताल की दूसरी मंजिल पर शुरू किया गया है, परंतु इसका लाभ वास्तविक पात्रों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जानकारी के अनुसार योजना पहले नगर पालिका द्वारा अंबेडकर पार्क में संचालित की जा रही थी जहां अनियमितताओं के चलते जांच के बाद टेंडर निरस्त कर दिया गया और संचालन बंद हो गया। इसके बाद नए सिरे से टेंडर जारी किए गए, लेकिन लंबे समय तक योजना फिर भी शुरू नहीं हो सकी। अब जब इसे दोबारा प्रारंभ किया गया है, तो यह केवल कागजों में संचालित होती प्रतीत हो रही है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि योजना के स्थान और संचालन की जानकारी आम गरीब और मजदूर वर्ग तक पहुंच ही नहीं पाई है। जिस सिविल अस्पताल में इसे शुरू किया गया है, वहां पहले से ही भर्ती मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है। ऐसे में उसी स्थान पर इस योजना का संचालन कई सवाल खड़े करता है। इसके अलावा अस्पताल में प्रवेश के लिए 20 की पर्ची कटती है, जिससे मजदूर और गरीब वर्ग के लोगों के लिए 5 के भोजन तक पहुंचना और भी कठिन हो जाता है। योजना का कोई प्रचार-प्रसार नहीं किया गया है, न ही कहीं बैनर या पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे जरूरतमंदों को इसकी जानकारी मिल सके।लोगों का कहना है कि यदि योजना का सही तरीके से प्रचार-प्रसार और सुगम स्थान पर संचालन नहीं किया गया, तो इसका लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पाएगा। प्रशासन इस ओर ध्यान देकर योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी बना पाता है या नहीं।

### बाल-विवाह कुप्रथा के प्रति जागरुक हुआ दांगी समाज

# दांगी समाज के सम्मेलन में 25 नाबालिग जोड़ों का पंजीयन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




आगामी 1 मई को खिलचीपुर क्षेत्र के छापीहेड़ा में होने जा रहे दांगी समाज के तहसील स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु समिति ने अहम निर्णय लिया था। इसके तहत सर्वसम्मति से तय किया गया कि सम्मेलन में किसी भी नाबालिग लड़के या लड़की का विवाह नहीं करवाया जाएगा। समिति ने अपने द्वारा लिए गए इस फैसले का कड़ाई से पालन करते हुए करीब 25 से अधिक ऐसे जोड़ों का पंजीयन निरस्त कर दिया है जिनमें वर या वधू दस्तावेजों में नाबालिग पाए गए थे। इसके चलते संबंधित परिवारों के अन्य वयस्क जोड़े भी सम्मेलन से बाहर हो गए क्योंकि या तो वर नाबालिग था या फिर वधू नाबालिग निकली। अब आयोजन में शामिल होने वाले जोड़ों की संख्या घटकर महज 20-21 रह गई है। समाज के इस कदम से स्पष्ट संदेश गया है कि दांगी समाज अब बाल-विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ मजबूती से खड़ा है और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करेगा।

### सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरणादायक कदम

सम्मेलन समिति के मुख्य व्यवस्थापक एवं दांगी समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बालचंद दांगी ने बताया कि दांगी बाल विवाह रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और आगे भी इस दिशा में सख्त निर्णय लिए जाते रहेंगे। यह निर्णय न केवल एक आयोजन तक सीमित है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है। दांगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारी लाल दांगी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# भव्य एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर







भव्य एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ स्थान पाया। कक्षा दसवीं का 93 % तथा कक्षा 12वीं का 90% परीक्षा परिणाम रहा। विधालय के कक्षा 12 साइंस में 15 में से 8 छात्र-छात्राएं लैपटॉप प्राप्त करेंगे। इसी के साथ कक्षा 10वीं में भव्य मंडलोई 93 प्रतिशत, माही बैरागी 92.4, बलराम सिसोदिया 91.8, सूरज चौहान 89.2, आरुषि चौहान 87.4, पंकज दांगी 86.8, किरण कुंवर 82.4, रविराज पंवार 81.6प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 साइंस में तन्मय मंडलोई 90, साधना कुशवाह 89, आरुषि मंडलोई 87.4, निशा सोलंकी 84.4, सिमरन 84.4, प्रियांशी गुप्ता 80 अंक अर्जित किये। विधार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय संचालक विष्णु मंडलोई ने कहा कि आपकी मेहनत, लगन और सतत अभ्यास ने सुंदर रूप एवं शैक्षणिक कार्य को जिम्मेदार से करके अच्छी सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य स्वामी आचार्य, खेल शिक्षक राम कैलाश दांगी, वरिष्ठ शिक्षक महेश वर्मा शिक्षक समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की।

# ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में फहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जहां शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावक अपने बच्चों को शहर एवं निजी महंगें स्कुलों की ओर बढ़ रहे वहीं देखा जाए तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूल में पढ़कर विधार्थी श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पा रहे हैं। समीपवर्ती ग्राम गागोरनी पी एम श्री स्कूल की नियमित छात्रा कनिका गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। उक्त छात्रा ने शासकीय स्कूल में बिना किसी कोचिंग के यह सफलता अर्जित की है।

छात्रा ने बताया कि स्कूल के शिक्षक के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुपर 100 ( वर्ष 2026) परीक्षा में कनिका ने तैयारी हेतु प्रदेश में छटा स्थान हेतु प्रदेश में 11 वा स्थान प्राप्त किया है । साथ ही कनिका ने इस वर्ष आयोजित विज्ञान ओलंपियाड में जिले में प्रथम और संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।

### सभी बैंक शाखाओं एवं एटीएम बूथों में सीसीटीवी कैमरे चालू रहें

# 15 करोड़ की डकैती के बाद राजगढ़ में सभी बैंकर्स की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 17 अप्रैल शुक्रवार दोपहर प्रदेश के सिंगरौली स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश नकदी एवं सोना सहित करीब 15 करोड़ का माल ले उड़े थे। इसे उक्त घटना से जोड़कर देखा जाए या संयोग कि वारदात के अगले दिवस प्रशासन एवं पुलिस द्वारा शनिवार को सभी बैंकर्स की बैठक आयोजित कर शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि जिले की सभी बैंक शाखाओं एवं एटीएम बूथों में सीसीटीवी कैमरे सतत रूप से चालू अवस्था में रहें तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

सभी बैंकर्स को तल्ख रूप से कहा गया कि सभी स्थानों पर अलार्म सिस्टम सक्रिय एवं कार्यशील स्थिति में होना अनिवार्य है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसपी अमित तोलानी की उपस्थिति में हुई बैठक में बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि सभी बैंक शाखाओं में सुरक्षा गार्ड की अनिवार्य रूप से नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। बैंकों में कार्यरत सुरक्षा गार्डों एवं वाहन चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन भी अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी जोखिम को रोका जा सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी बैंक प्रबंधक अपने सीयूजी नंबर पुलिस कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं तथा प्रत्येक शाखा में संबंधित थाना प्रभारी एवं एसडीएम के संपर्क नंबर प्रदर्शित रखें, जिससे आपात स्थिति में त्वरित समन्वय स्थापित किया जा सके।

### सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करें

कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक तोलानी ने कहा कि बैंकिंग संस्थान आमजन की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र हैं, अतः उनकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी बैंक अधिकारी सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर सहित जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# कन्यादान फाउंडेशन का 108वां कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप ग्राम पड़ाना में कन्यादान फाउंडेशन का 108वां कार्यक्रम उत्साह और सामाजिक समरसता के साथ आयोजित किया गया। यह मध्य प्रदेश में फाउंडेशन का पहला आयोजन रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थापक ऋषि सरदाना ने बताया कि 15 अगस्त 2019 को मां की प्रेरणा से शुरू हुई यह पहल आज एक बड़े मिशन का रूप ले चुकी है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग और उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना है।कार्यक्रम के दौरान जीवन विजय पुरिया की पुत्री के विवाह हेतु 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संस्था की विशेषता यह है कि महिलाओं द्वारा तैयार किए गए सैनिटरी पैड की बिक्री से होने वाली आय का एक हिस्सा कन्यादान के लिए समर्पित किया जाता है। दीपा श्रीवास्तव, मेघा विश्वकर्मा और काजल सक्सेना ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाएं घर से ही इस अभियान को मजबूती दे रही हैं। कार्यक्रम में देवयानी सक्सेना, सुषमा परमार सहित कई महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।